अति–महत्वपूर्ण/तत्काल

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0–6/सैत्रिक अंक/मई–जून –2026/2276 लखनऊः दिनांकः 09/06/2026

विषयः **समसेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा, मई–जून 2026 में सम्मिलित हुए रजिस्टर्ड/रि–रजिस्टर्ड समस्त छात्र/छात्राओं के सैत्रिक/गेम्स/अनुशासन अंक ऑनलाइन भराये जाने विषयक।**

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्र संख्या प्राशिप/अनु06/सैत्रिक अंक/मई–जून–2026/1980 दिनांक 27/05/2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा, मई–जून 2026 की परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्र/छात्राओं के सैत्रिक अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर संस्था लॉगिन द्वारा दिनांक 29/05/2026 से 05/06/2026 तक किये जाने हेतु परिषद से सम्बद्ध समस्त संस्थाओं के प्रधानाचार्य/निदेशक को निर्देशित किया गया था।

परन्तु अत्यन्त खेद का विषय है कि कतिपय संस्थाओं द्वारा अभी भी सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा, मई–जून 2026 की परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्र/छात्राओं के सैत्रिक अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि नही की गयी है। **उक्त के कम में सैत्रिक अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि किये जाने हेतु पोर्टल दिनॉक 10/06/2026 से 15/06/2026 तक अन्तिम रूप से खोला जा रहा है।**

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा, मई–जून 2026 में सम्मिलित हुए छात्र/छात्राओं के सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंको/SCA के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि कराने का कार्य **दिनॉक 15/06/2026 तक** प्रत्येक स्थिति में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। **उक्त सैत्रिक अंकों की प्रमाणित हार्डकॉपी को स्कैन करते हुए केवल सॉफ्ट कॉपी (पी0डी0एफ0 में एवं फाइल नेम संस्था कोड के साथ अनिवार्य रूप से) परिषद की ई0मेल upbteanu6@gmail.com पर दिनांक 17–06–2026 तक प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।** इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। यदि परीक्षाफल बाधित होता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदयित्व संबंधित संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

भवदीय,

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु0–6/सैत्रिक अंक/मई–जून–2026/2277-81 तद् दिनांकः 09/06/2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन/अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को प्रमुख सचिव/अध्यक्ष महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही एवं उक्त सूचना परिषद की वेबवाइट **www.bteup.ac.in** पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner